# 2018

( 3rd Semester )

## HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

*Full Marks* : 70 *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) ऊधौ, मन नाहीं दस बीस।
एक हुतो सो गयो स्याम संग, को आराधै ईस?
इन्द्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यों देही बिनु सीस।
स्वासा अटकि रही आसा लगि, जीवहिं कोटि बरीस।
तुम तौ सखा स्याम सुंदर के, सकल जोग के ईस।
'सूरदास' रसिक के बतिया और नहीं जगदीस।

**अथवा**

''जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूँ,
मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ,
मैं किसिम-किसिम के गीत बेचता हूँ।
जी, माल देखिए, दाम बताऊँगा,
बेकाम नहीं हैं, काम बताऊँगा,''

(ख) मेरे एक दूसरे आदर्श अध्यापक थे, ब्रजभूषण लाल त्रिपाठी। 'निश्चल' नाम से कविता करते थे। पाठ्य-पुस्तकों की दुनिया से दूर कविता की जितनी सुंदर-सुंदर पुस्तकें थीं, उनसे उन्होंने अकाल ही हमारा परिचय करा दिया। रामचरितमानस पढ़ाते-पढ़ाते वह ऐसे विह्वल हो जाते थे कि गला रुँध जाता था और वह अर्थ बताना भूल जाते थे। उस समय वह मूर्तिमान साहित्य जैसे दिखाई देते थे। कुछ दिन बाद वह भी स्कूल में न दिखाई दिए।

**अथवा**

प्रत्येक मनुष्य उनसे सहानुभूति प्रकट करता था। बड़ी तत्परता से इस आक्रमण को रोकने के निमित्त वकीलों की एक सेना तैयार की गई। न्याय के मैदान में धर्म और धन में युद्ध ठन गया। वंशीधर चुप-चाप खड़े थे। उनके पास सत्य के सिवा न कोई बल था, न स्पष्ट-भाषण के अतिरिक्त कोई शस्त्र। गवाह थे, किन्तु लोभ से डाँवाडोल।

2. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध की समीक्षा कीजिए। 9

**अथवा**

'मुगलों ने सल्तनत बख्श दी' कहानी को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**3.** 'विनय-पत्रिका' के आधार पर गोस्वामी तुलसीदास के विचार स्पष्ट कीजिए। 9

**अथवा**

'कालिदास' कविता का भावार्थ अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण कीजिए : 9

मनुष्य की सबसे अच्छी मित्रता पुस्तकों से होती है क्योंकि वे मनुष्य को शिक्षा प्रदान करती हैं। मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा अच्छी पुस्तकें ही देती हैं तथा वे मनुष्य का प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन करती हैं जिससे समाज और राष्ट्र की उन्नति होती है। भारतीय मनीषियों ने पुस्तकों को मूल्यों से भी अधिक महत्त्व प्रदान किया है। मनुष्य को प्रेरणा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका केवल पुस्तकें ही नहीं निभातीं बल्कि अपने देश की महानता को भी दर्शाती हैं। भारत देश के महान् ग्रंथ रामायण, महाभारत, वेद, पुराण, उपनिषद् आदि माने जाते हैं। इनसे हमारे देश की संस्कृति का ज्ञान होता है। किसी भी देश की संस्कृति को जानने के लिए उसके साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। भारत को 'विश्व गुरु' का गौरव उसके उत्कृष्ट साहित्य के आधार पर ही दिया गया है। समय जैसे-जैसे व्यतीत होता है तो हमारे अनुकरणीय महापुरुष मृत्यु का ग्रास बनते जाते हैं मगर उन्हें जीवित रखती हैं उन पर आधारित पुस्तकें। पुस्तकें केवल हमें शिक्षा ही प्रदान नहीं करतीं, हमारा मनोरंजन भी करती हैं। मनोरंजन से तात्पर्य केवल चुटकुलों या व्यंग्यों से नहीं है बल्कि अच्छे कहानीकारों द्वारा लिखी गई कहानियाँ तथा प्रेरक-प्रसंग भी हमारा मनोरंजन करते हैं।

* * *

# 2 0 1 8

( 3rd Semester )

# HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

## SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. ''परिहरिराम-भगति-सुर-सरिता, आस करत ओसकन की''—यह पंक्ति कहाँ से ली गई है?

   (क) सूक्तियाँ ( )

   (ख) विनय-पत्रिका ( )

   (ग) भ्रमर-गीत ( )

**2.** ''दरोगाजी, यह खुशामद करने के लिए मुझे इतना कष्ट उठाने की जरूरत न थी।'' यह किसका कथन है?

(क) पं० अलोपीदीन ( )

(ख) वंशीधर ( )

(ग) प्रेमचंद ( )

**3.** निम्नलिखित में से सूरदास की रचना कौन-सी है?

(क) विनय-पत्रिका ( )

(ख) गीत-फरोश ( )

(ग) भ्रमर-गीत ( )

**4.** ''भारतीय चित्त जो आज भी 'अधीनता' के रूप में न सोचकर 'स्वाधीनता' के रूप में सोचता है, वह हमारे दीर्घकालीन संस्कारों का फल है।'' यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है?

(क) नमक का दरोगा ( )

(ख) मुगलों ने सल्तनत बख्श दी ( )

(ग) नाखून क्यों बढ़ते हैं? ( )

**5.** 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

(क) रामविलास शर्मा ( )

(ख) हजारीप्रसाद द्विवेदी ( )

(ग) महादेवी वर्मा ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**1.** मुंशी वंशीधर ने अफसरों को किस प्रकार मोहित कर लिया था?

**2.** मास्टर रूद्रनारायण के संबंध में लिखिए।

**3.** गोपियाँ 'हारिल की लकड़ी' किसे और क्यों कहती है?

4. ''निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ'' —पंक्ति में कवि के कहने का तात्पर्य क्या है?

5. 'गीत-फरोश' कविता में कवि क्या कहना चाहता है?

**6.** पं॰ अलोपीदीन को गिरफ्तार क्यों होना पड़ा?

**7.** हीरोजी के संबंध में लिखिए।

## SECTION—III

( *Marks* : 10 )

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : ½×4=2

आकर्षण ; साक्षर ; कठोर ; सुलभ ; गुण ; आदर ; अंतिम

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×3=3

आकाश ; जल ; धरती ; नारी ; कमल ; सूरज

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×3=3

श्री गणेश करना ; अँगूठा चूमना ; आस्तीन का साँप ; नाक का बाल होना ; हाथ पीला होना ; घी के दिये जलाना

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : 1×2=2

अभि ; उप ; परा ; सम् ; उन

* * *